क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



बड़बिल. क्योंझर जिला के देवझर स्थित जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) की जेएसपीएल फाउंडेशन की ओर से महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कंपनी के सीएसआर क्षेत्र के गांवों के 60 एसएचजी सदस्यों ने भाग लिया. प्रतिभागियों को विभिन्न उत्पादों के नेतृत्व गुण, व्यवसाय विकास, रिकॉर्ड रखने और विपणन पर प्रशिक्षण दिया गया. जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई स्थानीय एसएचजी महिलाओं को भी सिलाई प्रशिक्षण और उत्पादन इकाइयों में मशरूम उत्पादन, फिनाइल मेकिंग, लाह की खेती आदि से अवगत कराया गया है.